हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 4 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 20.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

10 जींदः इसी सप्ताह मिलेगी नई बिल्डिंग में एक्सरे....



10 शिक्षा संस्थानों के लिए एआई को अपनाना जरूरी



## खबर संक्षेप

### गलती से दूसरे के खाते में गई 3 लाख की राशि हड़पी

**जींद।** गलती से दूसरे के खाते में तीन लाख रुपये ट्रांसफर होने तथा दूसरे खाता धारक द्वारा राशि के न लौटाने पर साइबर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दरोलीखेड़ा हाल नरवाना निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत दर्ज करवाई है।

### बीइओ राजपाल रावीश ने संभाला कार्यभार

**पूंडरी।** खंड पुंडरी में हसला संगठन द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी राजपाल रावीश को कार्यभार संभालने पर फूलमालाओं और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने मीटिंग में कहा कि किसी भी कार्यालय का कार्य आपसी तालमेल से चलता है और यदि सभी साथी पूरी निष्ठा और लगन से अपना कार्य समय पर करेंगे तो किसी भी प्रकार की कोई समस्या या बाधा नहीं आएगी।

### 450 ग्राम चरस के साथ युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस स्टाफ ने एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 450 ग्राम चरस बरामद की है। जुलाना थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव लिजवाना कलां के निकट एक व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ। जो ग्राहकों का इंतजार कर रहा रहा है।

### व्यक्ति ने मारपीट करने का लगाया आरोप

**कैथल।** चीका थाना पुलिस को दी शिकायत में इंद्रा कॉलोनी चीका निवासी शंकर कुमार ने बताया कि वह मजदूरी करता है। 22 जनवरी को वह रात करीब साढ़े 11 बजे घर जा रहा था। जब वह गली में पहुंचा तो 5 युवक, जिनमे अशोक उर्फ शोकी, सोनू, अमित उर्फ मिती, अमन व रवि अचानक बाइक पर आए और आते ही सभी ने उसके ऊपर तलवार, डंडे व गंडासियों से हमला कर दिया।

### फाइनेंस रिकवरी एजेंट बन पचास हजार छीने

**जींद।** गांव अशरफगढ़ के निकट फाइनेंस रिकवरी एजेंट बता कर पचास हजार रुपये की नगदी छीन ली। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ हाथापाई की और धमकी दी। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ लूट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीवनः जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम

**सीवन।** खेड़ी गुलाम अली स्थित विद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह के अंतर्गत जल संरक्षण को लेकर विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जल के महत्व को समझाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों को जल बचाव की शपथ दिलाई।

### मायके वालो संग मिल पति को पीटा, केस दर्ज

**जींद।** उचाना में पत्नी के साथ कहासुनी के चलते पत्नी ने मायका वालों संग मिल पति की धुनाई कर डाली। उचाना थाना पुलिस ने घायल पति की शिकायत पर पत्नी समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अलग-अलग मामलों में उद्घघोषित आरोपी पकड़े

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ ने उद्घघोषित आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ के एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा गांव बलवंती निवासी बलकार को काबु कर लिया गया। आरोपी बलकार को चौकी क्योड़क पुलिस द्वारा 20 जून 2022 को 20 बोतल देशी शराब सहित काबू किया गया था।

# खंड सीवन के विद्यार्थियों को जल्द मिलेगा राजकीय आईटीआई का तोहफा

## कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने मांगी सर्वे रिपोर्ट

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

कैथल जिले के हल्का सीवन के वासियों के लिए खुशखबरी है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा जल्द ही खंड सीवन में राजकीय आईटीआई बनाई जाएगी। इसके लिए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेशक द्वारा लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़के कैथल के कार्यकारी अभियंता को पत्र लिखते हुए संबंधित आईटीआई के लिए सर्वे प्लान रिपोर्ट मंगवाई गई है।

ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि यदि जल्द ही यह सर्वे रिपोर्ट सही तरीके से निदेशालय पहुंच जाती है तो वर्ष 2027 में होने वाले दाखिले के दौरान सीवन के विद्यार्थियों को आईटीआई का तोहफा मिल सकता है। बताया जा रहा है कि गांव डोहर की ग्राम पंचायत द्वारा राजकीय आईटीआई बनवाने के लिए भवन जमीन को विभाग के नाम करवाया गया है। हालांकि यह प्रक्रिया पिछले करीब 10 सालों से जारी है लेकिन अब जाकर यह मांग सिरे चढ़ती नजर राजा आ रही है। बता दें कि जिले में वर्तमान में नौ राजकीय आईटीआई चलाई जा रहे हैं। इनमें कैथल ब्लॉक में तीन, पुंडरी ब्लॉक में तीन, राजौंद, गुहला व कलायत में एक एक आईटीआई है। ऐसे में सीवन से चीका काफी दूर होने के चलते विद्यार्थियों को कैथल या चीका की आईटीआई में कोर्स करने के लिए जाना पड़ता था। सीवन के ग्रामीणों ने बार-बार राजनेताओं व विभाग के अधिकारियों से रा. आईटीआई खोलने की मांग की गई थी जिसे लेकर यह प्रक्रिया जारी थी। गौरतलब है कि जिला कैथल में 9 राजकीय व 10 निजी आईटीआई चलाई जा रहे हैं जहां पर 6000 छात्रों को विभिन्न तरह के रोजगार पर कौशल कोर्स करवाए जा रहे हैं। कोर्सों से विद्यार्थी सरकारी नौकरी आसानी से हासिल कर सकते हैं तो वहीं प्राइवेट कंपनियों में भी आसानी से रोजगार हासिल कर सकते हैं। हालांकि प्राइवेट आईटीआई में फीस ज्यादा लगने के कारण आम व गरीब वर्ग के व्यक्ति आईटीआई का कोर्स नहीं कर पा रहे हैं।



राजकीय आईटीआई कैथल का भवन।

### विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

गांव डोहर के सरपंच मक्खन सिंह ने बताया कि ग्रामीण व आसपास के क्षेत्र की मांग के अनुसार ग्राम पंचायत डोर द्वारा राजकीय आईटीआई खुलवाने के लिए कई वर्ष पूर्व कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के नाम जमीन करवाई थी जिसे लेकर विभागीय कार्यवाही जारी थी उन्हें अब यह मांग सिरे चढ़ते नजर आ रही है। इससे गांव व आसपास के विद्यार्थियों को फायदा होगा।

### कार्यकारी अभियंता से पत्राचार किया

आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई कैथल सतीश मच्छाल ने बताया कि खंड सीवन में राजकीय आईटीआई भवन के निर्माण को लेकर निदेशालय द्वारा सर्वे रिपोर्ट मंगवाई गई है। उन्होंने इसे लेकर लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को पत्राचार किया है। जैसे ही सर्वे रिपोर्ट प्राप्त होगी तो उसे निदेशालय भिजवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही यह कार्य सिरे चढ़ते नजर आ रहा है। इससे सैकड़ो विद्यार्थियों को रोजगार पर कोर्स करने का अवसर प्राप्त होगा।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, छह घायल

## रोडवेज बस बाइक में भिड़त व सड़क पार कर रहे व्यक्ति को फोरच्यूनर ने मारी टक्कर

» पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में अलग-अलग स्थानों पर तीन सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर दुर्घटनाओं को अंजाम देने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव चांदपुर निवासी सोनू (30) बाइक रेहड़ी पर फेरी लगाता था। गत दिवस शाम को वह गांव नगूरां से अपनी बाइक रेहड़ी लेकर घर वापस लौट रहा था। गांव के निकट ही कैथल की तरफ से आ रही रोडवेज की तेज रफ्तार बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें सोनू की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक बस को छोड़ कर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के भाई जरनैल की शिकायत पर अज्ञात रोडवेज चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव बड़ौदा निवासी कुलदीप अपनी ई स्कूटी लेकर घूमने के लिए घर से निकला था। वह गांव के निकट सड़क के दूसरी तरफ स्कूटी खड़ी कर पैदल सड़क पार करने लगा। उसी दौरान तेजरफ्तार फोरच्यूनर गाड़ी ने कुलदीप को टक्कर मार दी। जिसमें कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। जिस उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फोरच्यूनर चालक की पहचान गांव करसिंधु निवासी अमन के रूप में हुई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के भाई रणबीर की शिकायत पर गाड़ी चालक अमन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार सड़क पर खड़े कैंटर से टकराई

सराय महरोली खास निवासी लोकेश समेत छह लोग कार में सावर होकर संगरूर से दिल्ली जा रहे थे। गांव दातासिंह वाला के निकट सड़क पर खड़े कैटर से उनकी कार जा टकराई। जिसमें कार मे सवार लोकेश, अरनव, परनव, राजरानी, वेदप्रकाश, सतबीर तथा गुरदयाल घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों ने नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। गढ़ी थाना पुलिस ने लोकेश की शिकायत पर अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना थाना के जांच अधिकारी बलवान सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### डुलियानी में विवाहिता की मौत, मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल के गांव डुलियानी में 27 वर्षीय विवाहिता की उसके ससुराल वालों द्वारा की गई मारपीट के चलते मौत हो गई। पुलिस ने विवाहिता का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पूंडरी पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर ज्योति के पति, ससुर, सास, देवर व ननद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली। पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में सिरटा रोड़ कैथल के वेदप्रकाश ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है और उसके पास चार बच्चे है जिनमें एक लडका व तीन लडकी है। दूसरे नंबर की लडकी ज्योति की शादी करीब 10 साल पहले सुरजीत के साथ गांव डुलयाणी से हुई थी। शादी के बाद उसके पास दो बच्चे एक लडकी और एक लडका है। बच्चे होने के बाद से ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे।

### नकली चांदी देकर छह लाख रुपये हड़पे, केस

**जींद।** यूपी के ज्वैलर्स को दो किलो 669 ग्राम नकली चांदी थमा छह लाख रुपये हड़पने पर पर शहर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव बलवा यूपी निवासी विशाल वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की वह ज्वैलरी का काम करता है। गत आठ जनवरी को उसके पास पटियाला चौक निवासी सन्नी नाम के व्यक्ति का फोन आया। जिसने बताया कि उसने तीन किलोग्राम प्योर चांदी के जेवरात बनवाने हैं। मोल भाव तय होने के बाद उसने चार किलो 334 ग्राम प्योर चांदी के गहने तैयार कर दिए। जिसके बाद उसने सन्नी से संपर्क साधा तो लोकशन भेज कर जेवरात मंगवाए। सन्नी ने आश्वासन दिया कि नगद भुगतान किया जाएगा।

## पटवारियों के निलंबन को जल्द रद्द करवाने की मांग

# जींद-कैथल में पटवारियों की हड़ताल के कारण रूके इंतकाल-जमाबंदी कार्य

## पटवार भवन में अपने कामों को लेकर आए लोग लौटे वापस

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान विक्रम ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/कैथल

दि रेवन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर हरियाणा सरकार द्वारा पिछले दिनों प्राकृतिक आपदा से खराब हुई फसलों की मुआवजा वितरण संबंधित क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फ़ोटो अपलोड करने के विषय में हरियाणा के छह पटवारियों को निलंबित करने के संबंध में जिला जींद के सभी पटवारी एवं कानूनगो पटवार भवन में मंगलवार को दूसरे दिन का सांकेतिक धरना दिया। सांकेतिक धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सूबे पटवारी ने की तथा मंच संचालन सर्वेश पटवारी ने किया। इस धरना प्रदर्शन में विशेष रूप से राज्य कोषाध्यक्ष सनी डागर पटवारी ने हरियाणा सरकार के इस फैसले पर घोर निंदा प्रकट करते हुए जल्द से जल्द निलंबित किए गए पटवारियों को बहाल करने की मांग की और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आज इस धरणा प्रर्दशन को अपना समर्थन देने के लिए एएचपीसीडब्ल्यू के राज्य प्रधान सुरेश राठी तथा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला जींद के ब्लॉक प्रधान मंदीप नेहरा व जिला प्रधान संजीव ढांडा व स्वास्थ्य विभाग की राज्य नेता सुनीता कालीरामन व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान विक्रम व राजकुमार श्योकंद ने पटवारियों की मांगों को अपना समर्थन दिया और हरियाणा सरकार को जल्द से जल्द निलंबित किए गए पटवारियों का निलंबन रद्द किए जाने के फैसले का आह्वान किया और अगर समय रहते इन कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया तो बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। कहा कि सरकार जल्द से जल्द से जल्द निलंबित किए गए पटवारियों का निलंबन रद्द करे। अगर कर्मचारियों को समय रहते बहाल नहीं किया तो बड़े आंदोलन किया जाएगा। राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर पूरे हरियाणा के पटवारी व कानूनगो ने सरकार से निलंबित किए गए पटवारियों को दो दिन के अंदर बहाल करने की मांग की अन्यथा इसके विरोध में चार तक चल रहे सांकेतिक धरना को ओर प्रभावशाली ढंग से लागू करने की चेतावनी भी दी।


जींद। नारेबाजी करते पटवारी। फोटो :हरिभूमि


कैथल। धरने पर बैठे पटवारी नारेबाजी करते। फोटो :हरिभूमि

### जमाबंदी पर करवाने थे हस्ताक्षर

गांव अमरहेड़ी निवासी रमेश ने कहा कि जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर कवाने थे। इसके लिए गांव से बाइक पर सवार होकर जींद पहुंचा था। यहां आकर पता चला कि पटवारी हड़ताल पर हैं। पटवारियों से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि वे मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। ऐसे में अभी कोई कार्य नहीं करेंगे। हड़ताल समाप्त होने के बाद आना। ऐसे में अब खाली हाथ ली वापस जाना पड़ेगा। वहीं राजकुमारी ने कहा कि स्कूल में बच्चों का जाति प्रमाण पत्र जमा करवाना है। प्रमाण पत्र पर पटवारी के हस्ताक्षर करवाने के लिए पटवार भवन आई थी। यहां पहुंचकर देखा तो पटवारी व कानूनगो हड़ताल पर बैठे थे। प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर नहीं हो पाए। ऐसे में खाली हाथ ही लौटना होगा। पटवारियों की हड़ताल के चलते आमजन को काफी परेशानी हो रही है।

### अपने कामों के लिए दर-दर भटकते रहे धरतीपुत्र

**कैथल।** मांगों को लेकर पटवारियों व कानूनगो का धरना चौथे दिन बुधवार को भी जारी रहा। हड़ताल के चलते इंतकाल, फर्द व अन्य कार्य प्रभावित हो गए। पटवारियों के काम न करने के कारण राजस्व से जुड़े कार्य, जैसे नामांतरण (इंतकाल), जमाबंदी, डोमिसाइल रिपोर्ट, नक्शा/निशानदेही, प्रमाणपत्र बनना आदि रुके हुए हैं। इस कारण आम लोगों को तहसील कार्यालयों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभी पटवारी धरना स्थल पर बैठे हुए हैं। ऐसे में लोगों को निराश होकर वापस खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। पटवारियों का कहना है कि हाल ही में सरकार ने राज्य के छह पटवारियों को निलंबित कर दिया है जिसमें जींद, कुरुक्षेत्र, दादरी व अन्य जिलों के पटवारी शामिल हैं। इन पर आरोप है कि उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में फसल गिरदावरी/क्षतिपूर्ति के दौरान फोटोग्राफी अपलोड करते समय ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर एक ही फोटो को कई अलग-अलग खसरा नंबरों पर डाला है।

# राजौंद : महाराणा प्रताप चौक पर लगाया जाम

■ ग्रामीणों का ब्लाकों की सड़क बनाने को लेकर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के महाराणा प्रताप चौक पर मंगलवार को ब्लाकों की सड़क बनाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्शन सुरेंद्र सिंह को इसका ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान संघर्ष कमेटी के सदस्य व नगर के लोगों तथा दुकानदारों ने मिलकर सुबह ही महाराणा प्रताप चौक पर पहले तो जाम लगा दिया, लेकिन थाना प्रभारी सतपाल शर्मा के कहने पर जाम तो जल्दी खोल दिया गया। उसके बाद एक साइड में धरना-प्रदर्शन करते हुए सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन किया। इसकी सूचना विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई सूचना पाकर विभाग के एक्शन सुरेंद्र सिंह व जे ई रोहित मौके पर पहुंचे। नायब तहसीलदार राजौंद भी मौके पर पहुंची। लोगों ने सड़क की समस्या एक्शन के सामने रखी और इसका ज्ञापन भी सौंपा। इस बारे विभाग के एक्शन को बताया कि यह सड़क वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी है। जिसे आर सीसी या तारकोल सहित बनाने की मांग की जा रही है। धरना दे रहे लोगों ने कहा कि यह सड़क ब्लॉक युक्त बनाने की जानकारी प्राप्त हुई है कि सड़क को ब्लॉक युक्त बनाया जा रहा है।


राजौंद। थाना प्रभारी सतपाल शर्मा जाम न लगाने बारे समझाते हुए।

### जल्द होगा सामधान

एक्शन सुरेंद्र सिंह ने कहा कि अभी तक तो पब्लिक हेल्थ का कार्य भी संपन्न नहीं हुआ,जब तक पब्लिक हेल्थ का कार्य संपन्न नहीं होता तब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया जा सकता। कहा कि जो ज्ञापन सौंपा है उसे उच्च अधिकारियों को भेज दिया जाएगा। इस मौके पर राजौंद नायब तहसीलदार थाना प्रभारी सतपाल शर्मा पुलिस पार्टी के साथ मौके पर रहे।

# काफिला रुकवाकर कार्यकर्ताओं से मिले मुख्यमंत्री


नरवाना। कार्यकर्ताओं से मिलते सीएम नायब सैनी। फोटो :हरिभूमि

**नरवाना।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को अचानक से नरवाना के हरियल चौक पर उनका काफिला रुक गया। सूत्रों से पता चला है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जम्मू जा रहे थे तो अचानक से भाजपा कार्यकर्ताओं को देखकर मुख्यमंत्री ने अपना काफिला रोक दिया और बहुत ही प्रसन्नचित मुद्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सेल्फी ली और फोटो भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज सिर पर पगड़ी बांध कर एक अनोखी मुद्रा में ही दिखाई दे रहे थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और बुके देकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया। जिसको देखकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश देखे ही बन रहा था। कुछ मिनट के बाद ही मुख्यमंत्री का काफिला जम्मू के लिए रवाना हो गया।

## जिले में आठ फरवरी तक मौसम परिवर्तनशील और खुश्क रहेगा

# सुबह घना कोहरा छाने से वाहन चालक बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में दूसरे दिन मंगलवार को भी सुबह कोहरा छाया रहा। करीब 10 मीटर दृश्यता रही। जिससे वाहन चालकों को परेशानी हुई। बाद में सूर्य देवता ने दर्शन दिए और दिनभर धूप निकली रही। दिन का अधिकतम तापमान 19 डिग्री तो न्यूनतम 6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार जिले में आठ तक मौसम परिवर्तनशील और खुश्क रहेगा। इस दौरान तापमान में बढ़ोतरी होगी। अधिकतम तापमान 17 से 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 से 13 डिग्री रहने की संभावना है। सात से 12 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवा चल सकती है। बुधवार व वीरवार को भी सुबह व शाम कोहरा छा सकता है। उसके बाद मौसम साफ रहेगा। फिलहाल मौसम गेहूं की फसल के अनुकूल है। ठंड व कोहरे से गेहूं की फसल में बढ़वार अच्छी होगी और खेत में नमी बनी रहेगी। दिनों में मौसम खुश्क बने रहने की संभावना देखते हुए कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को गेहूं की फसल में आवश्यकतानुसार सिंचाई करने की सलाह दी है। साथ ही सरसों के खेत की नियमित निगरानी रखने के लिए कह रहे हैं। इस मौसम में सरसों की फसल चेपा की चपेट में आ सकती है। जो पौधे चेपा की चपेट में आ जाते हैंए उनको तोड़कर नष्ट कर दें। सरसों के 10 % पुष्पित पौधों पर नौ से 19 तक यानि 13 कीट प्रति पौधे पर मिलने पर कृषि विशेषज्ञों द्वारा सिफारिश की गई दवा का किसान सरसों की फसल में छिड़काव करें।



### गेहूं की फसल के लिए मौसम अनुकूल

कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश कुमार ने बताया कि आठ फरवरी तक मौसम खुश्क व परिवर्तनशील रहेगा। दो दिन और सुबह व शाम के समय कोहरा छा सकता है। उसके बाद मौसम साफ रहेगा। न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। गेहूं की फसल के लिए मौसम अनुकूल है। सरसों की फसल इस मौसम में चेपा की चपेट में आने का डर रहता है। इसलिए किसान नियमित निगरानी रखें।

### किश्त न चुकाने पर फाइनेंसरों ने युवक को बनाया बंधक, गिरफ्तार

**जींद।** किश्त न चुकाने पर फाइनेंसरों द्वारा एक व्यक्ति को कार्यालय में बंधक बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर दो फाइनेंसरों के खिलाफ बंधक बनाने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। रामराय गेट निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सीआर कालेज के निकट फाइनेंस का कार्यालय चलाने वाले गांव अमरहेड़ी निवासी राकेश तथा जुलानी निवासी साहिल से पचास हजार रुपये दस प्रतिशत ब्याज पर लिए थे। जिसमें उसने खुद बीस हजार रुपये तथा विश्वकर्मा कालोनी निवासी विरेंद्र तीस हजार रुपये दिलाए थे। जिसमें वह गारंटर बना था। कुछ महीनों वे ब्याज राशि देते रहे।

## खबर संक्षेप

### हड़ताल को लेकर मजदूरों किसानों ने खोला मोर्चा

**जींद।** आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर जुलाना क्षेत्र में मजदूरों और किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। सीटू के नेतृत्व में पौली गांव से शुरू हुआ मजदूरों का पैदल जत्था आज लजवाना कलां, फतेहगढ़, लजवाना खुर्द और नंदगढ़ होते करसोला पहुंचा। इन गांवों में आयोजित जनसभाओं में निर्माण मजदूरों, मनरेगा श्रमिकों, आशा वर्करों, मिड डे मील वर्करों और किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सरकार की नीतियों के खिलाफ कड़ा रोष प्रकट किया।

### अमृत सरोवर योजना सरकार की अच्छी पहल

**जींद।** ग्राम पंचायत आलन जोगी खेड़ा और रिटोली में चल रहे तालाब खुदाई के कार्य खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार ने निरीक्षण किया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार ने सभी मनरेगा मजदूरों को बताया कि जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर सरकार की एक अच्छी पहल है।

### रिटायर्ड कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ ने की बजट पर चर्चा

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ जिला जीन्द की कार्यकारिणी की कोर कमेटी की मीटिंग जिला प्रधान ओम सिंह पिलानिया की अध्यक्षता में जाट धर्मशाला में सम्पन्न हुई। मीटिंग में महावीर दहिया महासचिवए कैप्टन सतबीर सिंहए सूबेदार धर्मबीर मलिक, सूबेदार बिजेन्द्र भनवाला, राजेन्द्र सहरावतख किताब सिंह भनवाला तथा प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमारी श्योराण ने भाग लिया।

### मेधावी छात्र संशोधित योजना की त्रुटि दस तक होगी ठीक

**जींद।** जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर ने बताया कि डा. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत वर्ष 2025-26 के आवेदन 31 जनवरी तक सरल पोर्टल पर ऑनलाइन कि ए गए हैं। परंतु कार्यालय द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों में से कुल 897 आवेदन पत्रों में दस्तावेजों की त्रुटि पाई गई हैं। ऐसे सभी छात्र व छात्राओं के दस्तावेज 10 फरवरी तक त्रुटि दूर करके प्राप्त किए जाने हैं।

### इंटर स्टेट यूथ फेस्टीवल में राजीव गांधी कॉलेज द्वितीय

**उचाना।** जींद इस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टॅक्नोलोजी में चल रहे इंटर स्टेट यूथ फेस्टीवल में राजीव गांधी महाविद्यालय ने हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त कर एक बार फिर से अपनी सफलता का परचम लहराया है। प्राचार्य डॉ. रणवीर कौशल ने विद्यार्थियों, सांस्कृतिक विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने इंटरजोनल यूथ फेस्टीवल के साथ-साथ इंटर स्टेट यूथ फेस्टीवल में भी ट्राफी जीतकर महाविद्यालय की गरिमा बढ़ाई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**नरवाना।** डीएवी पब्लिक स्कूल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास नरवाना ब्लॉक 1 से सुपरवाइजर सुमन और कविता तथा लगभग 20 गांव में से सच्चा खेड़ा, धर्मगढ़, भीखेवाला, फुलिया खुर्द, डूमरखां, धरोदी धमतान आदि गांव से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

### आपत्तिजनक टिप्पणी पर मांगी सार्वजनिक माफी

**जुलाना।** गत एक फरवरी को जुलाना में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर संत महापुरुषों को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में युवक ने पंचायत में सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। उगालन निवासी सुरेश ने संत गुरू रविदास जयंती पर ऑनलाइन आकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### बिठमड़ा से आज विहार करेंगे अरूण चंद्र महाराज

**उचाना।** बिठमड़ा जैन स्थानक में विराजमान संघ प्रमुख आगम ज्ञाता अरूण चंद्र महाराज टोहाना की तरफ विहार करेंगे। प्रवचन में भारी भीड़ गुरू अरूण चंद्र महाराज के प्रवचन को सुनने पहुंची। बिठमड़ा से विहार करके समैण गांव अरूण चंद्र महाराज पहुंचेंगे।

रेनोवेशन कार्य के चलते मशीन टीबी वार्ड के पास शिफ्ट

# जींद: इसी सप्ताह मिलेगी नई बिल्डिंग में एक्सरे की सुविधा

*रेनोवेशन कार्य धीमा होने से एक्सरे रूम को रेनोवेट होने में लगा ज्यादा समय*

**अस्पताल में प्रतिदिन होते हैं 150 से अधिक एक्सरे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में एक्सरे को लेकर आ रही लोगों को परेशानी इस सप्ताह दूर होने जा रही है। अस्पताल में 14.91 करोड़ रुपये की लागत से करवाया जा रहा रेनोवेशन कार्य धीमी गति से चल रहा है। जिसके चलते नई बिल्डिंग स्थित सीटी स्कैन सेंटर के सामने एक्स रे मशीन को टीबी वार्ड के पीछे शिफ्ट किया गया है। ऐसे में अब नई बिल्डिंग में पिछले डेढ़ माह से एक्सरे की सुविधा न मिल पाने के कारण मरीजों को या तो टीबी वार्ड रेफर किया जा रहा है या टीबी वार्ड के पास ही बनाए गए कमरे में स्थापित एक्सरे रूम में भेजा जा रहा है। अब नई बिल्डिंग में एक्सरे रूम का कार्य पूरा होने को है। ऐसे में उम्मीद है कि इस सप्ताह एक्सरे मशीन को नई बिल्डिंग में रेनोवेट किए गए एक्सरे रूम में शिफ्ट कर दिया जाएगा। जिससे मरीजों व तिमारदारों को परेशानी नही होगी। नागरिक अस्पताल 200 बैड का है और यहां प्रतिदिन 150 से अधिक एक्सरे होते हैं। अगर एमरजेंसी हो जाती है तो यह संख्या काफी बढ़ जाती है। इस समय एक्सरे कक्ष का निर्माण कार्य पिछले डेढ़ माह से चला हुआ है। धीमी गति से कार्य होने के चलते मरीजों को टीबी अस्पताल में एक्सरे के लिए भेजा जा रहा है। लेकिन ज्यादातर लोग बाहर ही एक्सरे करवा रहे हैं। वहीं तिमारदारों को अपने मरीजों को नई बिल्डिंग से पुरानी बिल्डिंग में ले जाने में भी परेशानी उठानी पड़ रही है। सीटी स्कैन सेंटर के सामने एक्सरे रूम में कक्ष का निर्माण मानकों के आधार पर करवाया जा रहा है। एक्सरे कक्ष में लीड लाइन दीवारें और लीड डोर बनाया जाना है। जबतक कार्य पूरा नही होता तब तक नई बिल्डिंग में एक्सरे की सेवा शुरू नही हो सकती है। अब उम्मीद जगी है कि इसी सप्ताह में यह कार्य पूरा हो जाएगा। जिसके बाद नई बिल्डिंग में ही एक्सरे की सुविधा शुरू हो जाएगी।






जींद। नई बिल्डिंग स्थित एक्सरे रूम में चला हुआ रेनोवेट कार्य।

**कक्ष का निर्माण तय मानकों के आधार पंर करवाया जा रहा**

एक्सरे कक्ष का निर्माण स्वास्थ्य विभाग के तय मानकों के आधार पर करवाया जा रहा : पीएमओ नागरिक अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि एक्सरे कक्ष का निर्माण स्वास्थ्य विभाग के तय मानकों के आधार पर करवाया जा रहा है। एक्सरे कक्ष में लीड लाइन दीवारें और लीड डोर बनवाया गया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करवाने के लिए कहा है। इस सप्ताह यह कार्य पूरा हो जाएगा और मशीन को यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा।

# बजट देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में दूरदर्शी और मजबूत कदमः देवेंद्र अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत किया गया केंद्रीय बजट देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक दूरदर्शी और मजबूत कदम है। यह बजट समाज के हर वर्ग गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को राहत और नए अवसर प्रदान करेगा। मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग की दादी के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अत्री ने कहा कि यह बजट विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने की



दिशा में ठोस आधार तैयार करता है। सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय को ऊंचे स्तर पर बनाए रखना विकासोन्मुख नीति को दर्शाता है। बुनियादी ढांचे सड़क, रेल, लॉजिस्टिक्स और आवास में बड़े पैमाने पर निवेश से लाखों नए रोजगार सृजित होंगे और निजी निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए बजट में सिंचाई, कृषि ऋण, भंडारण सुविधाओं और वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान दिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड और कृषि ऋण लक्ष्य को मजबूत करने से किसानों को सस्ती पूंजी उपलब्ध होगी, जिससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। एमएसएमई सेक्टर को लेकर अत्री ने कहा कि यह क्षेत्र देश की लगभग 30% जीडीपी और करोड़ों रोजगार का आधार है। बजट में क्रेडिट गारंटी, तकनीकी उन्नयन और बाजार तक पहुंच बढ़ाने जैसे प्रावधान छोटे उद्योगों को मजबूती देंगे और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।



नरवाना। कथा सुनते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

## भागवत कथा में झूमे श्रद्धालु

**नरवाना।** बाबा गैबी साहब में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन आज की कथा में कथावाचक धर्मपाल शास्त्री नाभा वाले महाराज ने राजा परीक्षित को मिले श्राप, उनके वैराग्य और परम ज्ञानी शुकदेव जी के आगमन के प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। महाराज ने बताया कि जब राजा परीक्षित को ऋषि शमीक के पुत्र श्रृंगी द्वारा सात दिनों में तक्षक नाग के डसने से मृत्यु का श्राप मिला तो वे विचलित होने के बजाय प्रभु की शरण में चले गए। उन्होंने राज पाट त्याग कर गंगा तट पर प्रायोपवेश आमरण अनशन का व्रत लिया। परीक्षित का यह निर्णय दर्शाता है कि मृत्यु से डरने के बजाय मनुष्य को अपने अंत समय को सुधारने के लिए सत्संग का मार्ग चुनना चाहिए। कथा के दौरान महाराज ने शुकदेव जी के दिव्य स्वरूप का वर्णन किया।

### विद्यार्थियों के स्कॉलरशिप का पोर्टल पुनः शुरू

**जींद।** उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए हर छात्रवृत्ति स्कॉलरशिप पोर्टल को पुनः खोलने का निर्णय विद्यार्थियों के हित में एक सराहनीय कदम है। विभाग द्वारा जारी नोटिस के अनुसार राज्य सरकार की उच्च शिक्षा विभाग की सभी योजनाओं के अंतर्गत छात्र 11 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह पोर्टल पहले बंद हो चुका था। जिसे कई कॉलेजों की मांग पर पुनः खोला है। एबीवीपी जींद नगर कार्यालय मंत्री मयंक बंसल ने बताया कि निर्णय का स्वागत करती है। एबीवीपी का मानना है कि स्कॉलरशिप से वंचित रह गए हजारों विद्यार्थियों को इससे लाभ मिलेगा। विशेषकर वे विद्यार्थी जो तकनीकी कारणों या जानकारी के अभाव में समय पर आवेदन नहीं कर पाए थे। सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रशासन से आग्रह करती है कि वे सूचना को शीघ्रता से प्रत्येक छात्र तक पहुंचाएं।

### सूर्य नमस्कार से स्मरण शक्ति का विकास : सुशील

**जींद।** आयुष विभाग की टीम द्वारा गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन। प्रधानाचार्य अजय कौशिक के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के छात्र व आचार्य बंधु व भगिनी ने भाग लिया। आयुष विभाग के योग सहायक नवनीत, योग सहायिका नीलम, वरिष्ठ आचार्य सुशील कुमार के नेतृत्व में छात्रों को सूर्य नमस्कार की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। इसी संदर्भ में नवनीत ने आहारचर्या व दिनचर्या की देते कहा कि हमें नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करना चाहिए। सुशील ने कहा कि सूर्य नमस्कार संपूर्ण शरीर के लिए एक उत्तम शारीरिक व मानसिक व्यायाम है। नीलम ने छात्रों को सूर्य नमस्कार व योगासन मुद्राओं से अवगत करवाते प्रायोगिक तरीके से स्वयं को छात्रों के समक्ष अनुकरणीय आदर्श रूप में प्रस्तुत किया।




जींद। सूर्य नमस्कार करते योगाचार्य। फोटो :हरिभूमि




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

### स्वयंसेवकों ने किया योग और व्यायाम

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रातः योग एवं शारीरिक व्यायाम के साथ की गई। इसमें सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रातः सत्र में सर्वप्रथम डा. नरेंद्र जो कि राजकीय महाविद्यालय जींद में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के प्रभारी हैं द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया। व्याख्यान में मतदाता जागरूकता, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद योगाचार्य सूर्य देव का सत्र आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने स्वयंसेवकों को योग के महत्व के साथ-साथ प्राथमिक उपचार फस्ट एड की मूलभूत जानकारी दी। बताया कि आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार किस प्रकार जीवन रक्षक सिद्ध हो सकता है।

### विधि विभाग के भवन निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के दिशा-निर्देशानुसार विवि में विधि विभाग भवन निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी संदर्भ में विवि के अंदर एक बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य विधि विभाग के निर्माण के लिए प्रस्तावित मॉडल, डिजाइन, सुविधाएं, निर्माण प्रक्रिया तथा समयसीमा पर विचार-विमर्श करना था। बैठक में टीचिंग ब्लॉक 3 का प्रस्तावित मॉडल विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया व उसके तकनीकी पहलुओं पर विचार किया। भवन की आधुनिक वास्तुकला, संरचनात्मक डिजाइन, कक्षाओं एवं लैब की व्यवस्था तथा सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मानकों पर विशेष ध्यान दिया। भवन में उन्नत शिक्षण सुविधाएं जैसे स्मार्ट क्लासरूम, सेमिनार हॉल, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, रीडिंग रूम, स्टूडेंट काउंसलिंग रूम आदि की व्यवस्था पर चर्चा हुई।



जींद। बैठक में भाग लेते विश्वविद्यालय अधिकारी। फोटो :हरिभूमि



पत्रकारों से बातचीत करते मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।

### मार्केट कमेटी चेयरमैन ने बुलाई मीटिंग

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि 6 फरवरी को कपास मंडी स्थिति किसान किसान केंद्र में मीटिंग बुलाई है। मीटिंग में मार्केट कमेटी सदस्य, मार्केट कमेटी सचिव के साथ-साथ तहसीलदार भी पहुंचेंगे। गेहूं के सीजन से पहले किसान, आढ़ती, मजदूर सुझाव दे सकेंगे ताकि उन सुझाव को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के माध्यम से संबंधित विभागों के माध्यम तक पहुंचा जाएगा ताकि समय रहते उन सुझाव पर कार्य हो सकें। निरंतर किसान, आढ़ती, मजदूर हित में सीएम नायब सिंह सैनी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री कार्य कर रहे है। कहा कि आढ़तियों, किसानों की मांग को पूरा करते हुए अतिरिक्त मंडी में धर्मकांटा लगाया गया तो छात्तर सब यार्ड पर कार्य जारी है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने राजनीति के मायनों को बदलने का काम किया।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### समीक्षा बैठक का आयोजन

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री घोषणाओं के नॉन फिजिबल मामलों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जुलाना उपमंडल के आठ तथा नरवाना उपमंडल के 10 मामलों की समीक्षा की। सभी मामलों पर गहनता से विचार करते डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं को नॉन फिजिबल घोषित करने की बजाय उनके कारणों की गहन समीक्षा की जाए तथा हर संभव प्रयास किए जाएं कि घोषणाओं को क्रियान्वित किया जा सके। समीक्षा किए गए कई अन्य मामलों में डिमार्केशन करवाकर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को गांव दानोदा में रामेश्वरम तीर्थ से संबंधित मामले में राजस्व एस्टेट को स्पष्ट करते डिमार्केशन करवाने के निर्देश भी दिए।

# विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

**योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के तहत जींद ब्लॉक में बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा राजकीय हाई स्कूल जींद जंक्शन रेलवे रोड जींद के परिसर में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों के छात्र व छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। योग अभ्यास सत्र योग कोऑर्डिनेटर डा. योगेश एवं योग विशेषज्ञ गोविंदा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर योग सहायक सुनीता ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का विधिवत अभ्यास करवाया तथा इसके महत्व और लाभों की विस्तार से जानकारी दी। योग सहायक सुनीता ने बताया कि सूर्य नमस्कार बारह आसनों का क्रमबद्ध अभ्यास है। जिसके नियमित अभ्यास से शरीर की सभी मांसपेशियां सक्रिय होती हैं। रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है तथा शरीर में लचीलापन आता है। सूर्य नमस्कार से पाचन तंत्र सुदृढ़ होता है।



जींद। सूर्य नमस्कार करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। कार्यक्रम में योग का अभ्यास करते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### जीवन में योग को अपनाने का आह्वान

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। यह कार्यक्रम आयुष विभाग के दिशा-निर्देशों में 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आईटीआई के छात्रों ने भाग लिया। योग सहायक बलराज आर्य और योग सहायक शर्मिला ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया और योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग सहायक बलराज आर्य ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति और पूर्वजों की पहचान है। बताया कि नियमित योग अभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग को अपनाना बेहद जरूरी है।

हिंदू कन्या महाविद्यालय में एआई पर व्याख्यान

# शिक्षा संस्थानों के लिए एआई को अपनाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग एवं संस्था नवाचार परिषद के संयुक्त तत्वावधान में उच्च शिक्षण संस्थानों में आत्मनिर्भर एवं विश्वसनीय एआई विषय पर एक वर्चुअल विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम आल इंडिया काउंसलि फॉर टेक्निकल एजुकेशन तथा मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय पहल वित्त आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत आयोजित किया। जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक, पारदर्शी एवं विश्वसनीय उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अभिनव अग्रवाल सीएमबीसीए टीएचएसटीआईए फरीदाबाद रहे। अपने व्याख्यान में उच्च शिक्षा संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। बताया एआई न केवल शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं छात्र केंद्रित बनाता है बल्कि शोध, मूल्यांकन प्रणाली, शैक्षणिक प्रशासन तथा नवाचार को भी सशक्त करता है। साथ ही नैतिकता, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं डाटा सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष बल देते कहा कि विश्वसनीय एआई ही सतत एवं आत्मनिर्भर शैक्षणिक व्यवस्था की आधारशिला बन सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एआई को अपनाना आवश्यक है।



जींद। ऑनलाइन व्याख्यान में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**तकनीकी रूप से सशक्त बनाना लक्ष्य**

इसका प्रयोग जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं मानवीय मूल्यों के अनुरूप होना चाहिए। विद्यार्थियों में नवाचार, आत्मनिर्भरता, डिजिटल साक्षरता एवं तकनीकी दक्षता विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा ऐसे अकादमिक कार्यक्रमों को समय की मांग बताया। कार्यक्रम की संयोजिका डा. प्रियंका साहनी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते कहा कि इस व्याख्यान का उद्देश्य शिक्षकों एवं छात्राओं को एआई के नवीन आयामों से परिचित कराना तथा राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के अनुरूप उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवादात्मक व्याख्यान अकादमिक वातावरण को समृद्ध करते हैं।



जींद। जानकारी देने के लिए देशखेड़ा पहुंची टीम। फोटो :हरिभूमि

### दी कानूनी सहायता की जानकारी

**जींद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में मोबाइल प्रचार वैन के माध्यम से मंगलवार को देशखेड़ा तथा सरकारी स्कूल देशखेड़ा में कानूनी जागरूकता कैंप का आयोजन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि यह मोबाइल प्रचार वैन जींद जिले के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करेगी और आम जनता को फ्री विधिक सहायता योजनाओं, लोक अदालत, मध्यस्थता, महिला एवं बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार नालसा व हालसा की योजना के बारे में तथा अन्य कानूनी सेवाओं की जानकारी देगी। सीजेएम मोनिका ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को उनके कानूनी अधिकारों एवं निशुल्क न्याय सेवाओं के प्रति जागरूक करना है ताकि हर व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

## ट्रैरिफ हटने से देश में अमेरिकी सामानों की आएगी बाढ़ : प्रेम चंद



**कैथल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) हरियाणा राज्य कमेटी ने अमेरिका - भारत व्यापार समझौते पर प्रेस के नाम विज्ञप्ति जारी की। प्रदेश सचिव प्रेम चंद ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से कॉर्पोरेट मीडिया में खुशी की लहर दौड़ गई है। लेकिन यह पूरी तरह से गलत है क्योंकि समझौते का ब्यौरा अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। जब व्यापार समझौते का पूरा दायरा और ब्यौरा उपलब्ध होगा, तभी कोई सही आंकलन कर पाएगा। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में घोषणा की है कि भारतीय सामानों के आयात पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, जबकि भारत अमेरिकी सामानों पर टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को घटाकर शून्य कर देगा। टैरिफ खत्म करने से देश में अमेरिकी सामानों की बाढ़ आ जाएगी। गैर-टैरिफ बाधाओं को हटाने का मतलब होगा सब्सिडी और अन्य उपायो को खत्म करना। ट्रंप ने दावा किया है कि भारत रूसी तेल खरीदना बंद करने पर सहमत हो गया है और उसने 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा, टेक्नोलॉजी और कृषि उत्पाद खरीदने का वादा किया है। अगर यह सच है, तो यह भारत के साथ व्यापार समझौते की अत्यधिक असमान प्रकृति को दिखाता है।

### लोगों और ग्राहकों के लिए भी खतरा बनी हुई हैं नशेड़ियों द्वारा फेंकी गई सामग्री

# पूंडरी सब्जी मंडी नशेडियों का अड्डा बनी, दुकानदारों में दहशत का माहौल

**टोलियों में आते हैं नशेड़ी, पुलिस को कई बार दी गई सूचना, हूटर से सतर्क हो जते है नशेडी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी

पूंडरी की सब्जी मंडी इन दिनों नशेडियों का अड्डा बनी हुई है, जिससे आढ़तियों और सब्जी विक्रेताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि मंडी परिसर में दुकानों के पीछे, सार्वजनिक शौचालयों में और मंडी में खाली पड़ी जगहों पर नशेडियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे वातावरण पूरी तरह खराब हो चुका है। नशेड़ी टोलियों में देखे जाते है। मंडी में समान चोरी की घटनाएं भी बढ़ चुकी है। दुकानदारों ने बताया कि इन स्थानों पर इंजेक्शन, लाइटर, नशे में इस्तेमाल होने वाला सिल्वर फॉयल और सिरिंज बड़ी संख्या में पड़ी रहती हैं, जो न केवल गंदगी फैलाती हैं बल्कि आम लोगों और ग्राहकों के लिए भी खतरा बनी हुई हैं। दुकानदारों के अनुसार देर रात से लेकर दोपहर के समय तक नशेड़ी मंडी में घूमते रहते हैं और खुलेआम इन स्थानों पर बैठकर नशा करते हैं। दुकानदार ओमप्रकाश गोलन, गगनदीप गर्ग, बीरपाल जांगड़ा, धरिया फतेहपुर, रमेश गोस्वामी, सुभाष फतेहपुर और बुला फतेहपुर सहित अन्य व्यापारियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार पुलिस को सूचना दी गई है। हालांकि जब भी पुलिस रेड के लिए आती है तो हूटर बजाकर आती है, नशेड़ी पहले ही सतर्क हो जाते हैं और मौके से फरार हो जाते हैं। दुकानदारों का आरोप है कि पूंडरी शहर में नशीले पदार्थ खुलेआम बिक रहे हैं और इनके सप्लायर भी अक्सर नजर आते हैं, लेकिन अब तक उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।




पूंडरी। नशे का विरोध करते दुकानदार तथा मंडी में पड़े हुई नशे में प्रयुक्त सामग्री। फोटो : हरिभूमि

**नशे से बिगड़ता जा रहा है समाज का माहौल**

व्यापारियों का कहना है कि नशे के बढ़ते कारोबार के कारण समाज का माहौल बिगड़ता जा रहा है और मंडी में आने वाले ग्राहक भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सब्जी मंडी के दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मंडी क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाए, नशेडियों और नशा सप्लायरों पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा इस गंभीर समस्या पर जल्द से जल्द प्रभावी रोक लगाई जाए, ताकि मंडी का माहौल फिर से सुरक्षित और व्यवस्थित हो सके।

**हर सम्भव प्रयास**

हर दिन पुलिस गश्त करती रहती है। अब नशेडियों को पकड़ने के लिए हरसम्भव प्रयास किया जाएगा। नशा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा।
-शिवकुमार, थाना प्रभारी पूंडरी।

## खबर संक्षेप



### एनएसएस से होता है सामाजिक गुणों का विकास : डा. गर्ग

**कैथल।** श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम दिन उद्घाटन समारोह एवं डिजिटल साक्षरता पर व्याख्यान राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के प्रथम दिवस का शुभारंभ उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया। इसमें छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य के लिए योग किया। जिसके लिए आयुष विभाग से मैडम सरिता और राम मेहर ने छात्राओं को सूर्य नमस्कार करवाया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय परिसर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से की गई। मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉ. सुनील गर्ग ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य—"नॉट मी बट यू"—पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुशासन, समयपालन और सक्रिय सहभागिता के साथ शिविर की सभी गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया।



### साइबर सेल टीम को एसपी ने किया सम्मानित

**कैथल।** जिला कैथल में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, तकनीकी माध्यमों से कई अहम अपराधिक वारदातों को सुलझाने तथा आमजन के गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाली साइबर सेल पुलिस टीम को आज पुलिस अधीक्षक उपासना द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें साइबर सैल इंचार्ज एएसआई राकेश कुमार, एएसआई रणदीप, एचसी दीपक, एचसी अरुण, एचसी सुरेंद्र, सिपाही अनिल तथा सिपाही मोनू शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक उपासना ने साइबर सेल टीम की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अपराध के तरीके तेजी से बदल रहे हैं, ऐसे में तकनीकी ज्ञान और साइबर विशेषज्ञता पुलिसिंग का एक अहम हिस्सा बन चुकी है। साइबर सेल टीम ने आधुनिक तकनीकों, डिजिटल सर्विलांस और सूचनाओं के विश्लेषण के माध्यम से न केवल कई जटिल आपराधिक मामलों का सफल खुलासा किया, बल्कि आमजन के खोए हुए सैकड़ों मोबाइल फोन ढूंढकर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाकर पुलिस के प्रति लोगों के विश्वास को और मजबूत किया है।

### आगामी सत्र के लिए खेल नर्सरियों का आवंटन शुरू

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि हरियाणा सरकार के खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग ने प्रदेश में खेलों को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने के लिए आगामी सत्र 2026-27 के लिए खेल नर्सरियां आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों, निजी शिक्षण संस्थानों और ग्राम पंचायतों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक संस्थान केवल विभागीय वेबसाइट पर जाकर 15 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि खेल नर्सरियां केवल उन्हीं खेलों के लिए खोली जाएंगी जो अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का हिस्सा हैं। इसमें ओलंपिक, एशियाई तथा कॉमनवेल्थ खेले में शामिल खेलों के लिए नर्सरियां खोली जाएंगी। अधिक से अधिक पात्र संस्थान इस योजना का लाभ उठाएं, ताकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण मिल सके। इस संबंध में दिशा-निर्देश और प्रारूप विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।



### शिक्षा का महत्व विषय पर अतिथि व्याख्यान

**राजौंद।** किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन किठाना में मंगलवार को "शिक्षा का महत्व" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शहीद जयवीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, किठाना के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यवान व रेनू मैडमपहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या निर्मल सिंगरोहा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत कर किया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं तथा उनमें सकारात्मक सोच का विकास करते हैं। इस दौरान अपने व्याख्यान में डॉ. सत्यवान ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, नैतिक मूल्यों, अनुशासन तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अतिथि वक्ता के विचारों से प्रेरणा प्राप्त की।इस दौरान महाविद्यालय के एम डी विकास ढांडा , डॉ जगजीत सिंह, डॉ सुमन ढांडा, डॉ सुमन मलिक , सतीश, कृष्ण,नीरज,पंकज,मीनू सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



### सेफ्टी दिवस पर बिजली विभाग के कर्मचारियों को 110 सेफ्टी फर्स्टऐड किट बांटी

**कैथल।** सिग्नस अस्पताल कैथल ने सेफ्टी दिवस पर बिजली विभाग में आयोजित एक कार्यक्रम में बिजली विभाग के कर्मठ कर्मचारियों को 110 फर्स्ट एड किट बांटी। सिग्नस अस्पताल के प्रबंधक विकास संदूरियां ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारी विशेष रूप से लाइनमैन जोकी कार्य करते हुए हर समय खतरे के बीच रहते हैं उन लोगों को किसी भी तरह की दुर्घटना होने की स्थिति में तुरंत चिकित्सा सहायता मिल सके इसी बात को ध्यान में रखते हुए आज सिग्नस हॉस्पिटल की तरफ से फर्स्ट एड किट बांटी गई है। सिग्नस हॉस्पिटल के यूनिट हेड रोहित मेहता ने बताया की ये किट दुर्घटना के समय जीवनदायनी बन सकती है जो कर्मचारी अपने कार्य के दौरान अपने साथ होने वाली किसी भी दुर्घटना को तुरंत संभाल सकते हैं।

### बजट 2026 में महिलाओं को मिला सशक्तिकरण का नया संबल : निधि



**पूंडरी।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026 का आम बजट महिलाओं के लिए उम्मीदों भरा साबित हुआ है। बजट में महिलाओं की शिक्षा, स्व-रोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता को लेकर कई अहम प्रावधान किए गए हैं, जिनका स्वागत महिला संगठनों और समाजसेवियों ने किया है। बजट में शुरू की गई एसएचई मार्ट योजना के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों और महिला उद्यमियों को सीधे बाजार से जोड़ा जाएगा। इससे महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने के बेहतर अवसर मिलेंगे और उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। साथ ही 'लाखपती दीदी' योजना को और विस्तार देकर अधिक महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। महिलाओं की शिक्षा को मजबूती देने के लिए हर जिले में छात्राओं के लिए हॉस्टल निर्माण का प्रावधान भी बजट की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेत्री और एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन की अध्यक्ष निधि मोहन ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि, "बजट 2026 में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की स्पष्ट सोच दिखाई देती है। शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता से जुड़े प्रावधान नारी शक्ति को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगे।ग्रामीण और जरूरतमंद महिलाओं के लिए यह बजट नई उम्मीद लेकर आया है। लाखपती दीदी और एसएचई मार्ट जैसी योजनाएं महिलाओं को सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर देंगी।" महिला संगठनों का मानना है कि यदि इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया गया तो आने वाले समय में महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।



### हरियाणा के सैन्य इतिहास और शौर्य को प्रदर्शित करने वाली छह दिवसीय प्रदर्शनी संपन्न

**कैथल।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के इतिहास विभाग एवं हरियाणा साहित्य अकादमी, पंचकूला द्वारा हरियाणा के सैन्य इतिहास और शौर्य को प्रदर्शित करने वाली छ दिवसीय प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रदर्शनी में विभिन्न कॉलेज एवं स्कूल के छात्रों ने भ्रमण किया। इस प्रदर्शनी में हरियाणा के वीर-जवानों के शौर्य और बलिदान को आकर्षक चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। इसमें चित्रों के माध्यम से प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर वर्तमान समय तक के युद्धों में हरियाणा के शूरवीरों की गौरव गाथा को प्रदर्शित किया गया। हरियाणा साहित्य अकादमी की ओर से प्रदर्शनी इंचार्ज राजबीर सिंह लगातार प्रदर्शनी के महत्व और उद्देश्य के बारे मे प्रदर्शनी में आने वाले छात्रों , प्राध्यापको को लगातार विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई।

## ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न

- सरकारी योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल



जिला अग्रणी बैंक कार्यालय में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता एलडीएम सुमन कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, सरकारी ऋण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और वित्तीय समावेशन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना था। एलडीएम ने सभी बैंकों और सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब विभाग और बैंक मिलकर काम करेंगे, तभी सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच पाएगा। बैठक के दौरान जिले में चल रही विभिन्न जन कल्याणकारी और ऋण योजनाओं की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण किया गया। मुख्य रूप से कृषि एवं एमएसएमई ऋण, किसानों और लघु उद्यमियों को दिए जा रहे ऋण की समीक्षा की गई। इसके अलावा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और अन्य सब्सिडी योजनाओं की प्रगति, प्रधानमंत्री जन-धन योजना और केसीसी के तहत लाभार्थियों को जोड़ने की स्थिति, स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बैंक क्रेडिट उपलब्ध कराना आदि पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एलडीएम सुमन कुमार ने सभी बैंक प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऋण आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

## अमेरिका के साथ ट्रेड डील में सरकार ने किया घोर विश्वासघात : सुरजेवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में अमेरिका के साथ हालिया ट्रेड डील को देश के किसानों और खेत मजदूरों पर सीधा हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी कृषि मंत्री ब्रूक रॉलिन्स के बयानों से साफ है कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों को जीरो ड्यूटी पर अपने बाजार में आने देगा, जिससे भारतीय किसानों की रोजी-रोटी छिन जाएगी। सुरजेवाला ने कहा कि अमेरिका की कृषि मंत्री ने खुले तौर पर कहा है कि इस डील से अमेरिकी कपास, दूध-दुग्ध उत्पाद, दालें, सोयाबीन, मक्का, नट्स (बादाम, अखरोट, पिस्ता), सेब और अन्य फल अब बिना किसी ड्यूटी के भारत में बेचे जा सकेंगे।

2024 में अमेरिका का भारत के साथ कृषि व्यापार घाटा 1.3 बिलियन डॉलर था—अब यह डील अमेरिकी किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है, न कि हमारे किसानों की रक्षा के लिए।

### डॉ. विजय ने दीक्षा पोर्टल पर देश में पाया प्रथम रैंक

**कैथल।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने दीक्षा पोर्टल पर अपने 66 वें कोर्स में 199 अंक प्राप्त किए और भारत में प्रथम रैंक प्राप्त करते हुए जिला कैथल का नाम रोशन किया। डॉ चावला ने बताया कि आधुनिक युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक क्रांतिकारी तकनीक के रूप में उभरी है जो मानव सभ्यता के हर पहलू को बदल रही है। डॉ चावला ने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का जन्म 1956 में हुआ। विद्यालय शिक्षा के रूपांतरण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक प्रमुख सक्षमकर्ता के रूप में उभर रही है।





### भारत–अमेरिका व्यापार समझौता भारतीय किसानों के लिए चिंता का विषय: देवेंद्र हंस

**सीवन।** कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस ने भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित नए व्यापार समझौते को लेकर गहरी चिंता जताई है। सीवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय कृषि और किसानों के हितों के खिलाफ जाता दिखाई दे रहा है। यदि अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में प्रवेश दिया गया, तो इसका सीधा नुकसान देश के छोटे और मध्यम किसानों को झेलना पड़ सकता है। देवेंद्र हंस ने कहा कि किसी भी सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी अपने देश के किसानों और घरेलू कृषि की सुरक्षा करना होती है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे समय में, जब भारतीय किसान पहले से ही लागत बढ़ने और आमदनी घटने की समस्याओं से जूझ रहा है, तब विदेशी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलना कितना उचित है। उन्होंने कहा कि यह फैसला किसानों को असमान प्रतिस्पर्धा में धकेलने जैसा है। उन्होंने बताया कि अमेरिका में कृषि बड़े कॉरपोरेट फर्मों, आधुनिक तकनीक और भारी सरकारी सब्सिडी के सहारे की जाती है, जबकि भारत की खेती छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित है। ऐसे में दोनों के बीच प्रतिस्पर्धा संभव नहीं है और इसका खामियाजा भारतीय किसानों को भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस विधायक ने कहा कि कृषि केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण रोजगार और करोड़ों परिवारों की आजीविका से जुड़ा विषय है। इस क्षेत्र से जुड़े किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते पर निर्णय लेने से पहले किसानों, राज्य सरकार और विशेषज्ञों से व्यापक चर्चा आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बिना पर्याप्त संवाद के ऐसे संवेदनशील फैसले ले रही है। देवेंद्र हंस ने चेतावनी दी कि यदि सस्ते विदेशी कृषि उत्पाद बाजार में आए, तो भारतीय फसलों की कीमतों पर असर पड़ेगा।

**दौरा**

### बच्चे इस प्रकार की गतिविधि में बढ़चढ़ कर लें भाग : उपायुक्त

**कठिन विषय खेल-खेल में बन जाते हैं आसान**

# डीसी ने किया शेरगढ़ राजकीय स्कूल का दौरा, जॉयफुल एक्टिविटी में लिया भाग

- जॉयफुल एक्टिविटी में सिखाया गया आयतन और घनत्व के आधार पर बड़ी संख्याओं का अनुमान लगाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

प्रशासन और शिक्षा विभाग जमीनी स्तर पर बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को रोचक बना रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को डीसी अपराजिता ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरगढ़ में आयोजित जॉयफुल एक्टिविटी में भाग लिया। इसमें आयतन और घनत्व के आधार पर बड़ी संख्याओं का अनुमान लगाना सीखाया गया। यह एक्टिविटी गणित के प्रति बच्चों का डर दूर करने का एक बेहतरीन तरीका है, ताकि बच्चों को रटने के बजाय व्यावहारिक रूप से संख्याओं का ज्ञान हो। गणित जैसे कठिन विषय खेल-खेल में आसान और मनोरंजक बन जाते हैं। जब बच्चे का अनुमान असल संख्या के करीब पहुंचता है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने अल्बर्ट आइंस्टीन के शब्दों का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्यों को सीखना नहीं है, बल्कि मस्तिष्क को सोचने के लिए प्रशिक्षित करना है। इसलिए बच्चे इस प्रकार की गतिविधि में बढ़चढ़ कर भाग लें।



कैथल। डीसी अपराजिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरगढ़ का दौरा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी नसीब सिंह सैनी, प्रधानाचार्य जितेंद्र, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिव्यता, एआईपीआरओ अमित कौशिक, जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल और जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**डीसी ने बच्चों को खुलकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया**

डीसी अपराजिता ने बच्चों के साथ-साथ खेल-खेल में जॉयफुल एक्टिविटी के माध्यम से विभिन्न शैक्षणिक प्रक्रियाओं पर संवाद किया। नन्हे-मुन्ने बच्चे डीसी के साथ हुए संवाद से खुश नजर आए। डीसी ने बच्चों को खुलकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने स्कूल में व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के लिए काफी लाभकारी है। उन्होंने कहा कि किसी समय एक बार असफल होने पर आगे का रास्ता बंद नहीं हो जाता। बच्चों को इस तरह की सीखने की प्रक्रिया में शामिल करते हुए उनके अंदर से असफलता के भय को निकाला जा सकता है। साथ ही उन्हें सफलता के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

### नशा न करने बारे किया जागरूक

**कैथल।** नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही सोनिया व रेखा तथा एसपीओ राजपाल, प्रदीप कुमार और जसविंदर की टीम द्वारा कसान, मटौर, बढसिकरी व कलायत में विभिन्न स्थानों पर आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों तथा आपराधिक गतिविधियों की जड़ है। नशा का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान सम्मान खो देता है। नशा से आर्थिक नुकसान के साथ साथ शारीरिक नुकसान भी होता है। इस बुराई के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है।

**सूचना**

मैं, शान्ति पत्नी श्री सुरेन्द्र पुत्र ईश्वर निवासी गांव रामकली, तहसील जुलाना, जिला जींद बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दशरथ मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### हॉकी के लिए ट्रायल चार को नवदीप स्टेडियम में

**जींद।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी रामपाल ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए अखिल भारतीय सिविल सेवा हॉकी प्रतियोगिता पुरुष, महिला के आयोजन के लिए चार फरवरी को नवदीप स्टेडियम नरवाना में प्रातः दस बजे ट्रायल ली जाएगी। इस ट्रायल में भाग लेने के लिए प्रमाण पत्र देना होगा कि वे अमुक विभाग, कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी है।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लेंगे वन कर्मचारी

**कैथल।** पर्यावरण की स्वच्छ बनाए रखने के लिए वन और वन्य प्राणियों की अत्यंत भूमिका है। प्राणी जगत को जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करने वाले वृक्षों को बेरहमी से काटने के सरकारी फरमान भ्रूण हत्या के समान हैं। छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश,बिहार, अण्डमान और निकोबार, तेलंगाना,उत्तराखंड समेत सभी राज्यों में विकास के नाम पर वनों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है।

### स्वास्थ्य शिविर में 929 लोगों की जांच की

**कैथल।** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के दूसरे चरण का शुभारंभ मंगलवार को क्योड़क गांव स्थित शहीद सिपाही जिले सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में किया गया। शिविर में 929 ग्रामीणों ने भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

### लघु नाटिका से बच्चों ने दिया जल संरक्षण का संदेश

**पूंडरी।** राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद गुरुग्राम के निर्देशानुसार विद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह फेज दो का आयोजन करवाया गया। सप्ताह के दौरान विद्यालय की विज्ञान अध्यापिकाओं पूनम एवं कुशम के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं समुदाय को जल संरक्षण की उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस संबंध में आज छात्राओं ने एक लघु नाटिका के माध्यम से जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी

**कैथल।** हरियाणा भाजपा के संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में पहुंचे। यहां पर जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

### नाबालिगों से मारपीट पर ग्रामीणों का रोष

**जींद।** रधाना गांव में पिछले दिनों हुई चोरी के मामले में तीन नाबालिगों के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट के मामले में ग्रामीण शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे। ग्रामीण कुलदीप, परमिंद्र, रामनिवास, पवन, अजय, सूरजमल, नरेंद्र, रामनिवास, सरपंच रामकुमार ने कहा कि उनके गांव रधाना में 29 दिसंबर को सतबीर के घर चोरी हुई थी। इसमें गांव के तीन नाबालिग को शक के आधार पर पुलिस ने उठा लिया और उनके साथ मारपीट की गई।

---

# 'द्रोणाचार्य' हैं नहीं कैसे बनें 'अर्जुन', जिले के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में शिक्षकों का टोटा, 11 स्कूलों में 217 पद खाली पड़े

## विद्यार्थियों को अपेक्षित मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा

**12 राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यापकों के कुल 501 स्वीकृत पद हैं जिनमें से केवल 284 शिक्षक ही कार्यरत**

सूरज सहारण ⏭ कैथल

एक ओर से शिक्षा विभाग राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में गरीब विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने की बात कर रहा है तो वहीं इन स्कूलों में अध्यापकों का टोटा बना हुआ है। बिन अध्यापक के विद्यार्थी किस प्रकार से अंग्रेजी माध्यम की पढाई करेंगे यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। बता दें कि जिले के 12 राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यापकों के कुल 501 स्वीकृत पदो हैं जिनमें से केवल 284 शिक्षक ही कार्यरत हैं। जबकि 217 पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं।

**राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में यह है स्टाफ की स्थिति**

| स्कूल का नाम | स्वीकृत खाली | पडे पद |
|---|---|---|
| राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चीका | 25 | 13 |
| राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुहला | 47 | 17 |
| पीएमश्री स्कूल, कलायत | 52 | 13 |
| राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूंडरी | 49 | 15 |
| आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सौंगरी | 41 | 30 |
| आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ग्योंग | 41 | 26 |
| राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कैथल | 48 | 18 |
| आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामगढ़ | 41 | 31 |
| राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सीवन | 49 | 10 |
| राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कलायत | 32 | 12 |
| गवर्नमेंट मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बाता | 33 | 11 |
| राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजौंद | 43 | 21 |

**कार्यवाही जारी**

*जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष ने बताया कि राजकीय स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्ति सरकार व निदेशालय के तहत आता है। उन्होंने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में रिक्त पदों को भरने बारे निदेशालय को अगवत करवाया गया है। इसे लेकर सरकार व निदेशालय स्तर पर कार्यवाही जारी है।*



**कैथल।** आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ग्योंग का दृश्य।

### 900 तक पहुंच रहे विद्यार्थी

कई मॉडल संस्कृति स्कूलों में छात्रों की संख्या 700 से 900 के बीच है, लेकिन वहां स्वीकृत स्टाफ के मुकाबले शिक्षकों की आधी संख्या भी तैनात नहीं है। इसके चलते कक्षाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है और विद्यार्थियों को अपेक्षित मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा। शिक्षा विभाग द्वारा इन स्कूलों को जिले के आदर्श विद्यालय के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्टाफ की कमी इस दावे पर सवाल खड़े कर रही है। यदि समय रहते रिक्त पदों को नहीं भरा गया, तो आने वाले सत्रों में परीक्षा परिणाम और अधिक प्रभावित हो सकते हैं। विद्यालयों में रिक्त पद जल्द न भरे जाने की स्थिति में आने वाले समय में परीक्षा परिणाम और अधिक प्रभावित होने की आशंका रहेगी।

### प्रभावित हो रही पढाई

कई विषयों में नियमित शिक्षक नहीं होने के कारण छात्रों को वैकल्पिक व्यवस्था के भरोसे पढ़ाई करनी पड़ रही है। कई स्कूलों में एक ही शिक्षक को एक से अधिक विषय पढ़ाने पड़ रहे हैं, वहीं कुछ विषयों में नियमित शिक्षक ही उपलब्ध नहीं हैं। मजबूरी में अतिथि शिक्षकों या वैकल्पिक व्यवस्था के सहारे पढ़ाई कराई जा रही है, जिससे पाठ्यक्रम समय पर पूरा नहीं हो पा रहा।

---

## आरटीओ कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर बस पास लागू करवाने की मांग

# प्राइवेट बसों में पास लागू न करने पर छात्र युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

प्राइवेट बसों में बस पास लागू न करने पर छात्र, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों ने मंगलवार को लघु सचिवालय के निकट धरना दिया। धरने के दौरान प्राइवेट संचालकों द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार पर रोष जताया गया और प्राइवेट बसों में बस पास लागू करने की मांग की गई। रिटायर्ड कर्मचारी संगठन जिला प्रधान विक्रम ने धरने का नेतृत्व किया और राज्य परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने का संचालन एसएफआई के राज्य अध्यक्ष अक्षय किया।

**प्राइवेट बसों के संचालक पिछले कुछ समय से बस पास मान्य नहीं कर रहे**

भारत की जनवादी नौजवान सभा के राज्य सचिव नरेश, सीटू से कपूर, सतबीर व अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने बस पास को लागू करवाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। बस पास की फ्री सुविधा मिलने से हरियाणा में शिक्षण संस्थानों लड़कियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है लेकिन प्राइवेट बसों के संचालक पिछले कुछ समय से बस पास मान्य नहीं कर रहे हैं और लगातार जींद डिपो पर प्राइवेट बसों की संख्या बढ़ रही है। जिले के असंध, बरवाला, गोहाना, हांसी, नरवाना अधिकतर लोकल रूटों पर प्राइवेट बसें चलती हैं। जिससे विद्यार्थियों के साथ छात्र वरिष्ठ नागरिक दियांजनों व आम नागरिकों को मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सरकार रोडवेज का निजीकरण कर रही है और प्राइवेट बसों को जानबूझकर बढ़ावा दे रही है। बस पास का मुद्दा केवल विद्यार्थियों का नहीं है इससे आम नागरिक भी बहुत सारी परेशानियों का सामना कर रहे है। धरने पर खेड़ी चौपटा नर्सिंग कॉलेज की छात्रा अंजली ने बात रखते हुए कहा कि बरवाला रूट कोई भी सरकारी बस की सुविधा नही है। प्राइवेट बसों के संचालक हमारे बस पास मान्य नहीं करते और साथ में छात्राओं के बतमीजी करते हैं। प्रदर्शन करते हुए सभी प्रदर्शनकारी आरटीओ के कार्यलय पहुंच कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर सलोनी, सुमित, नरेश सुमित, कलपि, संजीव आदि लोग शामिल रहे।



**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

**प्राइवेट बसों में आ रही समस्याओं जल्द होगी हल**

आरटीओ ने विद्यार्थियों को आश्वासन देते हुए कहा की प्राइवेट बसों में आ रही समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने मांग की कि प्राइवेट बसों में सभी श्रेणियों के बस पास लागू किए जाएं। सभी लोकल रूटों पर सरकारी बसों प्रबंध किया जाए। सभी रूटों पर स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों के सुबह और छुट्टी के सरकारी बसों का प्रबंध किया जाए। दिव्यांगजनों के 40 प्रतिशत दिव्यांगता पर किराया माफ हो। हरियाणा रोडवेज का निजीकरण बंद हो। बरवाला, असंध, गोहाना रूटों पर सरकारी बसों का प्रबंध किया जाए। रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष विक्रम ने कहा कि अगर जल्द से जल्द हमारी इन मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो आने वाले समय में विद्यार्थियों के साथ तमाम आम नागरिक भी इन मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे।

### निजी बस संचालक विद्यार्थियों से वसूल रहे मनमाना किराया

**जींद।** सीआरएसयू विश्वविद्यालय एवं जिले के विभिन्न कॉलेजों में अध्ययनरत हजारों विद्यार्थियों को इन दिनों भारी परिवहन संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिले के अनेक ग्रामीण व शहरी रूटों पर हरियाणा रोडवेज की सरकारी बसें नियमित रूप से नही चल रही हैं। जिसके कारण विद्यार्थियों को मजबूरी में निजी बसों अथवा निजी वाहनों से यात्रा करनी पड़ रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष सतविंदर ने कहा कि निजी बस संचालक विद्यार्थियों से मनमाना किराया वसूलते हैं। बस पास मान्य नही करते तथा कई बार छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। वहीं निजी वाहन से आने वाले विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ के साथ-साथ सुरक्षा का खतरा भी बना रहता है। एबीवीपी जींद जिला संयोजक प्रतीक शर्मा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सभी आवश्यक रूटों पर तुरंत प्रभाव से सरकारी बसों का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए।

- छात्रों के बस पास न मान कर कर रहे दुव्र्यवहार

---


**जींद।** नई अनाज मंडी के सामने गली की बदहाल स्थिति। *फोटो: हरिभूमि*

# नई अनाजमंडी के सामने 22 फुटा रोड पूरी तरह से बदहाल

- कई सालों से है कच्चा रोड, आने-जाने में परेशानी
- 22 फुटा रोड को जल्द पक्का करवाने की कि मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रधान डा. राजकुमार गोयल ने आरोप लगाया है कि रोहतक रोड पर नई अनाज मंडी के मैन गेट के बिल्कुल सामने स्थित रघुनगर की लगभग 22 फीट चौड़ी मैन गली कई सालों से कच्ची पड़ी है। इस मेन गली के पक्का न होने के कारण आसपास के क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोयल ने कहा कि विकास के बड़े बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन रघु नगर की यह गली कई वर्षों से बदहाल स्थिति में है। यह सड़क आसपास के क्षेत्र की मुख्य सड़क है। इसके बावजूद कच्ची होने के कारण राहगीरों को रोजाना कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है। विशेष रूप से बारिश के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है। जिससे आवागमन लगभग पूरी तरह ठप्प हो जाता है। दोपहिया वाहन तो चल ही नहीं पाते वहीं पैदल चलना भी जोखिम भरा हो जाता है। गोयल ने नगर परिषद चैयरमेन अनुराधा सैनी से मांग की है कि इस सड़क को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पक्का कराया जाए ताकि कालोनी वासियों को राहत मिल सके और आवागमन सुचारु हो सके।

**लोगों को नहीं मिल रही सुविधाएं**


राजकुमार गोयल ने काह कि रघु नगर क्षेत्र में इस कच्ची सड़क के साथ-साथ अन्य अव्यवस्थाओं का भी बोलबाला है। हालात इतने खराब हैं कि यहां सीवरेज की कोई ठोस व्यवस्था तक मौजूद नही है। जगह-जगह गंदा पानी जमा रहता है। जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। क्षेत्र की अन्य सड़कें भी अभी तक कच्ची हालात में है जिससे रोजमर्रा का आवागमन परेशानी भरा हो गया है। वहीं पीने के साफ पानी की भी कोई उचित व्यवस्था नहीं है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि कई बार संबंधित विभागों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं।

---

# एक गांव एक गोत्र में शादी पर तुरंत रोक लगाई जाए : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

सर्वजातीय कडेला खाप जनकल्याण फाउंडेशन व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी टेकराम कंडेला नेप्रदेश प्रभारी सुभाष बडसिकरी किसान नेता के निजी कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस व मीटिंग की। इस दौरान कंडेला ने कहा कि एक गांव व एक गोत्र और सीम लगते गांव में शादी पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए।


**राजौंद।** बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

**40 लाख किसान कर रहे प्रकृतिक खेती**

कंडेला ने कहा कि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत प्राकृतिक खेती का मिशन चलाए हुए हैं। इससे आज देश में 40 लाख किसान प्राकृतिक खेती को अपनाए हुए हैं। यह निःशुल्क व बिना खर्चे की खेती है, जिससे यह खेती किसानों को कर्ज मुक्त बनाती है व स्वास्थ्य के लिए भी एक बहुत ही अच्छी पहल है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी प्राकृतिक खेती के मुद्दे को गंभीरता से आगे बढ़ा रहे हैं। कंडेला ने कहा कि आज हर किसान को अपने घर में एक देसी गाय रखनी चाहिए जिसके गोबर व मूत्र से खाद पैदा कर सकता है।

---

# बाल विवाह जैसी गंभीर समस्याओं पर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

राजकीय महाविद्यालय राजौंद में स्टेट लीगल सर्विस अर्थॉरिटी पंचकूला हरियाणा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के तत्वाधान में विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसका आयोजन लीगल लिटरेसी सेल की देखरेख में सफलतापूर्वक किया गया।

कमेटी इंचार्ज विक्रम ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में तीन अलग-अलग विषयों पर विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। जिसमें सर्वप्रथम जगजीत सिंह वकील ने विद्यार्थियों को बताया कि हमें डिजिटल दुनिया पर डाटा शेयर करने से पहले सचेत रहना चाहिए, इसके लिए हमें अपने मोबाइल का कम से कम प्रयोग करना चाहिए।

इस दौरान अशोक कुमार संयोजक बाल कल्याण समिति कैथल ने विद्यार्थियों को बताया कि बाल विवाह एक गंभीर अपराध है। जिसमें बच्चों का जीवन शिक्षा स्वास्थ्य एवं सम्मान को चोट पहुंचती है कम उम्र में की हुई शादी से विशेष कर लड़कियों का शारीरिक विकास रुक जाता है।जिससे जीवन भर उसे बीमारियों का सामना करना पड़ता है। यदि आपको अपने आसपास बाल विवाह जैसी कोई सूचना मिले तो तुरंत फोन नंबर 15100 पर कॉल करके सूचना दे, मौन रहने का मतलब है इस गंभीर बुराई को बढ़ावा देना है।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थीयों को संबोधित करते हुए।

**छात्रों को किया जागरूक**

वीरेंद्र कुमार साइबर क्राइम सेल कैथल ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बारे कहा कि डिजिटल डिवाइस के माध्यम से किया जाने वाला एक गैर कानूनी कार्य है इससे बचने के लिए हम सभी को जागरूक होना अति आवश्यक है। मंच संचालन रवींद्र कुमार ने किया।

---

# अधीक्षक अभियंता ने सुनीं बिजली समस्याएं

- उपमंडल अधिकारी को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली अदालत का आयोजन किया गया। बिजली अदालत में जींद के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बिजली की समस्याएं सुनीं। मंगलवार को आयोजित हुई बिजली अदालत में लोग बिजली की समस्या लेकर पहुंचे।

इनमें बिजली लाइनों को वोल्टेज समस्या, खराब मीटर की समस्याएं जैसी समस्याएं अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा के समक्ष रखी गई। जिसके बाद बिजली बिलों, खराब मीटर को बदलने जैसी समस्याओं को उपमंडल अधिकारी को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा बिजली लाइनों को स्थानांरतण करने और सौलर कनैक्शनों जैसी समस्याओं को भी निश्चित समय अवधी में समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने कहा कि बिजली निगम द्वारा इस प्रकार की बिजली अदालत लगाए जाने का मुख्य उददेश्य उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं।



जन समस्या सुनते अधीक्षक अभियंता।

**बिजली के नए पोल लगाए जा रहे**

बिजली निगम द्वारा अच्छी बिजली आपूर्ति देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हुई हैं। जिसके तहत गांव गांव में पुराने बिजली के पोल और तारों को बदल कर नए पोल और तारें लगा कर पर्याप्त बिजली सुविधा देना हैं। जिन गांवों में महारा गांव जगमग गांव योजना का कार्य पूरा किया जा चुका हैं वहां पर अधिक से अधिक समय यानि 22 से 23 घंटे बिजली आपूर्ति दी जा रही हैं।

---

## एसएस बाल सदन स्कूल के 48वें स्थापना दिवस पर किया होनहारों को सम्मानित

# शिक्षा खोलती है तरक्की के द्वार: रवि भूषण गर्ग

- छात्रों ने मंच में बिखेरे प्रतिभा के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

एसएस बाल सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपना 48वां स्थापना दिवस एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोलास व धूमधाम से मनाया। शाबाशियां 2026 के नाम से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसएस सोसाइटी ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन रवि भूषण ने कहा कि शिक्षा ही मानव की तरक्की के द्वार खोलती है। ऐसे में हम सभी अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार व अच्छी शिक्षा देने में स्कूल का सहयोग करें। रवि भूषण गर्ग ने एसएस सोसाइटी ऑफ एजुकेशन के 48 वर्षों के संघर्ष की कहानी सांझा की। उन्होंने बताया कि कैसे एक छोटा सा स्कूल रूपी पौधा लगाया और आज वह वट वृक्ष बन गया और उसकी शाखा के रूप में उनकी कई संस्थाएं शहर व अन्य जिलों में काम कर रही है। इसके बाद प्रिंसिपल हिमांशु गर्ग ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। वर्ष भर में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यों में प्रथम आने वाले 844 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।



**कैथल।** महंत रमनपुरी महाराज का स्वागत करते रविभूषण गर्ग, अन्य व सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

**छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखाई प्रतिभा**

शिव तांडव, जोरदार पंजाबी भंगड़ा, सुदामा एक्ट, हरियाणवी छोरियों की साइकिल से जोरदार एक्ट्री, राजस्थानी नृत्य, देश भक्ति गानों ने कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। दसवीं कक्षा के छात्रों ने भी डांस ने माध्यम से सबको गुदगुदाया। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर तृप्ता शर्मा, सपना सिंगला, कुसुम बिंदलिश, मोनिका सहारनपुर, पूजा सोनी, मधु सैनी, डिंपी रानी, दीपिका शर्मा, सोनम भाटिया, पूजा शर्मा, सुदेश सैनी, अनु सैनी, गीता भाटटी, खुशी शर्मा, अमित शर्मा, लक्की धीमान सहित विद्यालय परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।